उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

10 ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ–226001

ई–मेल : **shcuplko@rediffmail.com**

दिनांक : 18.12.2023

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

आज दिनांक 18.12.2023 को मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ पर अपराह्न 04:00 बजे मा0 कैबिनेट मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज श्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा उ0प्र0 राज्य हज समिति की एक बैठक की गयी जिसमें उ0प्र0 के हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु विचार–विमर्श किया गया व सुझाव लिये गये।

बैठक में मा0 कैबिनेट मंत्री जी के अतिरिक्त मा0 राज्य मंत्री श्री दानिश आज़ाद अंसारी जी व उ0प्र0 राज्य हज समिति के मा0 सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के बाद उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट **hajcommittee.up.gov.in** का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज श्रीमती मोनिका गर्ग, सचिव, उ0प्र0 राज्य हज समिति व वित्त एवं लेखाधिकारी श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह, हज से संबंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व प्रेस (इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया) के लोग भी उपस्थित रहे।

उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं निम्नवत हैं :–

1. उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरुप नयी तकनीक के साथ तैयार की गयी है।
2. उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट में दिव्यांगजन फीचर्स एवं दिव्यांग हितैषी मानकों का उपयोग किया गया है। जिससे कोई भी दिव्यांग भी व्यक्ति उक्त वेबसाइट का प्रयोग कर सकता है।
3. वेबसाइट अंग्रेज़ी व हिन्दी में कार्य करेगी।
4. उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित डोमेन **hajcommittee.up.gov.in** पर संचालित की गई है।
5. उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट पर हज कमेटी आफ इण्डिया का लॉगइन पेज उपलब्ध है जहां से हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे आपको यात्रा के लिए रजिस्टर करने में सुविधा मिलती है।
6. इस वेबसाइट से हज यात्रा से जुड़े महत्वपूर्ण सकुर्लर, प्रमुख अपडेट्स, एक्शन प्लान उड़ान शिड्यूल, महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्ति, इत्यादि सूचनाएं भी उपलब्ध हैं।
7. वेबसाइट पर हज यात्री के सुझाव, प्रश्न, और समस्याओं के लिए ऑनलाइन फीडबैक का विकल्प दिया गया है।
8. वेबसाइट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, काउन्सल जनरल आफ इण्डिया जद्दाह, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 व हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट की महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे हज यात्रियों को सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मा0 मंत्री जी द्वारा हज–2024 हेतु किये गये प्रयासों से अवगत कराया, जिसमें प्रत्येक ज़िले में ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की देख–रेख में हज ई–सुविधा केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जहां से इच्छुक हज यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी बरेली, ग़ाज़ियाबाद व लखनऊ को हज–2024 के इच्छुक हज आवेदकों के पासपोर्ट के प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों के आला हज़रत हज हाउस ग़ाज़ियाबाद से समस्त प्रपत्रों को तैयार करवाने व वहीं से सीधे दिल्ली एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करने का प्रबन्ध करने हेतु व पूर्वी उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों की सुविधार्थ वाराणसी को उड़ान स्थल बनाये जाने हेतु हज कमेटी आफ इण्डिया से अनुरोध किया है। लेडीज़ विदआउट महरम श्रेणी की महिलाएं जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक हैं चार महिलाओं के ग्रुप में हज पर जा सकेंगी। अकेली महिला भी लेडीज़ विदआउट महरम श्रेणी में आवेदन करे सकेंगी, हज कमेटी उनको एक साथ चार के ग्रुप में करने में सहयोग प्रदान करेगी। ऐसी महिलाओं को एक साथ उड़ान में जिसमें महिला खादिमुल हुज्जाज भी होंगी, भेजने व सऊदी अरब में उनको एक साथ आवासीय सुविधा दी जायेगी। उनके लिए विशेष बसों की व्यवस्था रहेगी, उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य हेतु महिला चिकित्सक, नर्स, कोओडिनेटर्स, असिस्टेंट हज आफिसर, हज असिस्टेंट, खादिमुल हुज्जाज तैनात रहेंगे। मा0 मंत्री जी द्वारा लेडीज़ विदआउट महरम श्रेणी में इच्छुक महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

सचिव/कार्यपालक अधिकारी
उ0प्र0 राज्य हज समिति